हरिभूमि
# रंग भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 मार्च 2024

न्यू बैच प्रारंभ
CGPSC/VYAPAM
शिक्षक भर्ती/ CGTET
छात्रावास अधीक्षक / आरक्षक भर्ती
सिद्दार्थ ट्यूटोरियल्स
पता-बनारस रोड अम्बिकापुर
मो. 07774359610, 6264579696, 9669166180

# पहले तीन महीनें में ही हो जाता है बच्चे का विकास, इसलिए विशेष ध्यान की जरूरत : डॉ. अविनाशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मातृत्व शिशु मृत्यु दर को करने के साथ ही गर्भ के दौरान ही बच्चों को सम्पूर्ण पोषण प्रदान करने के साथ ही उन्हें स्वस्थ रखने के लिए सरकार द्वारा अनेकों कार्यक्रम चलाए जा रहे है इसके बाद भी जन्म के बाद बच्चों में अनेकों प्रकार की समस्याएं आ रही है। गर्भधारण के दौरान ही की जाने वाली लापरवाहियों के कारण कई बार प्रसूता व नवजात की जान खतरे में पड़ जाती है। इसके साथ ही बच्चों का विकास गर्भ में सही तरीके से नहीं हो पाता है और उनमें बच्चे को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हरिभूमि ने अजन्मे बच्चों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एचओडी डॉ. अविनाशी कुजूर से चर्चा की।

इस दौरान एचओडी डॉ. कुजूर ने बताया कि गर्भ ठहरने के साथ ही बच्चे का विकास प्रारम्भ हो जाता है, बच्चे का पूरा विकास उसकी मां पर ही निर्भर करता है। प्रारंभिक तीन माह में ही बच्चे का विकास हो जाता है इसलिए जैसे ही गर्भ का पता चलता है तत्काल डॉक्टर के पास जाकर जांच करानी चाहिए। डॉक्टरों की सलाह व जांच से पहले तीन महीने के अंदर ही पता चल जाता है कि बच्चे का विकास किस तरह हो रहा है और उसमें कोई जन्मजात विकृति तो नहीं आएगी। आजकल सोनोग्राफी और खून की जांच जिन्हे हम ट्रिपल मार्का कहते है उसकी सहायता बच्चों के विकास का पता लगाया जा सकता है। डॉ. कुजूर ने बताया कि पहले तीन माह की जांच के दौरान ही इस बात का पता चल सकता है कि प्रसव के दौरान मां को कोई समस्या तो नहीं आएगी। बीपी हाई होने, बच्चे के शरीर में खून सही तरीके से जा रहा है या नहीं, डायबिटीज होने की संभावना सहित अन्य समस्याओं का पता हम पहले तीन माह में ही कर सकते है।

## विशेषज्ञ चिकित्सक ने कहा- डॉक्टर से संपर्क कर नियमित रूप से कराएं जांच

### इन बातों का रखे विशेष ख्याल

डॉ. अविनाशी कुजूर का कहना है कि गर्भधारण होने के बाद डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए और डॉक्टरों की सलाह से ही दवाओं का सेवन करें और अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान बच्चे के साथ ही साथ मां का ध्यान रखना भी जरूरी है। गर्भावस्था में हेल्थी खाना खाए और जंक फ़ूड से दूर रहे। उन्होंने कहा कि पहले 3 माह और 16 से 18 हफ्ते की सोनोग्राफी जरुरी होती है। इससे बच्चों के विकास या बच्चे में किसी प्रकार के विकृति का पता चलता है। भविष्य में प्रसव के दौरान मां को कोई समस्या होगी या नहीं। जांच में समस्याओं का पता चलने के बाद दवाओं का सेवन कर समस्याओं से बचा जा सकता है। इसके साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखे कि जिस अस्पताल में या जिस चिकित्सक से प्रसव करना है उससे कम से कम तीन से चार जांच कराए ताकि डॉक्टर को मरीज के बारे में पूरी जानकारी हो और समय पर सुरक्षित डिलीवरी हो सके। स्वस्थ बच्चे के लिए मां का मानसिक तनाव से दूर रखना भी जरुरी है इसलिए योग, ध्यान करने के साथ ही गर्भ संस्कार के नाम से उपलब्ध ऑडियो को सुन सकते है।



## खबर संक्षेप

### शहर में जगह-जगह सजाई गई होलिका

**अम्बिकापुर।** होलिका दहन को लेकर बच्चों एवं युवाओं में भारी उत्साह है। बच्चों ने अपने-अपने मुहल्लों में होलिका सजाई हे। सोमवार को पूरे दिन बच्चे लकड़ी एकत्र कर होलिका सजाने में व्यस्त रहे। शहर के विभिन्न वार्डों व मुहल्लों में कहीं खाली मैदान में होलिका सजाई गई है तो कही घनी आबादी वाले क्षेत्रों में मुख्य मार्ग पर ही बच्चों ने होलिका तैयार कर दी है। साक्षरता मार्ग में युवाओं ने लकड़ी व कण्डे से होलिका सजाई है वहीं जोड़ा पीपल के पास सड़क पर ही युवाओ ने होलिका सजाई गई है। इसी तरह शहर के अन्य मुहल्लों में भी होलिका सजाई गई है। छोटे बच्चों की टोलियां अलग-अलग स्थानों पर होलिका सजाने में व्यस्त रही।



रमज़ान मुबारक
चौदहवां रोजा
आज का इफ्तार - 6.14 बजे
कल की सेहरी - 4.31 बजे

## आज शुभ मुहूर्त में मनेगी होली, बिखरेंगे रंग

# विधि-विधान से किया गया होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- होली को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह

सोमवार को रंगों का त्यौहार होली सरगुजा अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले रविवार को होलिका दहन के बाद पूरा शहर फाग गीतों के साथ होलियाना माहौल में डूब गया। होली को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही कलेक्टर ने कार्यपालिक दण्ड अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई है। रंगों का त्यौहार होली को लेकर जिले भर में महीने भर से लोगों द्वारा तैयारियां की जा रही थी। रंग, गुलाल, अबीर व पिचकारियों से बाजार सज चुका है। केमिकल वाले रंगों की तुलना में इस बार ज्यादातर लोगों ने हर्बल रंग गुलाल को प्राथमिकता दी और हर्बल गुलाल की जमकर बिक्री हुई। वहीं जगह जगह होली मिलन का आयोजन किया गया जहां लोगों ने फाग गीतों के साथ जमकर होली मनाई। होली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित जा चुकी है जिसमे शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण होली मनाने का निर्णय लिया गया है। आज होली की पूर्व संध्या पर शहर में जगह जगह होलिका दहन किया गया। इसके पूर्व आज शहर के पैलेस, राम मंदिर रोड, महामाया रोड, राम मंदिर रोड, विजय मार्ग, गोधानपुर, दर्रीपारा, चर्च रोड, सत्तीपारा, बसंत गली, सहित अन्य हिस्सों में समाज की महिलाओं ने गोबर के कंडों की माला, अनाज के दानों से होलिका की पूजा अर्चना कर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। होली के दौरान हादसों से निपटने के लिए भी इंतजाम किए गए है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ ही जिले के सभी सीएचसी, पीएचसी में डॉक्टरों को तैनात किया गया है जबकि दमकल की टीम को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। होली के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय से निपटने के लिए प्रसाशन द्वारा भी बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है।



साक्षरता मार्ग में युवाओं द्वारा सजाई गई होली।

### सोमवार को 11.30 तक पूर्णिमा, इसके बाद मनेगी होली

इस बार रविवार को देर शाम तक भद्रा की छाया होने के कारण रात्रि 10.30 बजे उपरांत शुभ मुहूर्त में होलिका जलाई गई। रविवार सुबह 9.54 से फाल्गुन पूर्णिमा प्रारम्भ हुई हैं जो सोमवार को 11.30 तक रहेगी। चैत्र प्रथमा तिथि को दोपहर तक पूर्णिमा होने के कारण कुछ क्षेत्रों में मंगलवार को होली मनाई जाएगी जबकि कुछ क्षेत्रों में सोमवार को ही होली मनाई जा रही है। इस सम्बंध में पं.गोपाल मिश्र ने बताया कि पूर्णिमा उपरांत 11.30 बजे से चैत्र प्रथमा तिथि प्रारम्भ होगी। इसी दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में होली मनाई जाएगी। उदयातिथि होने के कारण पूर्णिमा उपरांत होली मनाना निर्दोष एवं शुभ है।



# पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव और होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने का सन्देश देने आज एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में शहर व जिलेभर में फ्लैग मार्च निकाला गया। होली त्यौहार में सामान्य व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों, मरीज के लिए दवा खरीदी, एम्बुलेंस वाहन इत्यादि को बेवजह परेशान नहीं किए जाने का संदेश लोगों को दिया गया है। होली के लिए एएसपी, सीएसपी के नेतृत्व में 80 पुलिस अधिकारियों, 400 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। शहर में बाज टीम का गठन किया गया है जो शहर में चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगी और होली के दौरान हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसपी श्री अग्रवाल ने जवानों को निर्देश दिया कि किसी प्रकार की दुर्घटना, मारपीट इत्यादि के कारण चोट लगने की स्थिति में आहत को सर्वप्रथम नजदीकी अस्पताल भेजना सुनिश्चित करें। महिलाओं के सुरक्षा हेतु विशेष रूप से महिला पुलिस बल तैनात किया गया है जो लगातार पेट्रोलिंग पर मौजूद रहेगी। शराब पीकर हुडदंगी करने वालों, डीजे बजाकर उत्पात मचाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी, बाज टीम टीम दिनों तक शहर व जिले में तैनात रहेगी।



## खबर संक्षेप

### बेगलेस डे पर मेहंदी लगाओ व आगजनी से बचाव पर भाषण प्रतियोगिता



**बलौदा।** सुरक्षित शनिवार बेगलेस डे पर आज जनपद प्राथमिक शाला चारपारा मे मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता व आग से बचाव पर भाषण का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना छात्रों द्वारा किया गया। तत्पश्चात उन्नीस छात्राओं के मध्य मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे नम्रता पटेल प्रथम, अराधना पटेल दूसरा व सोनिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. तीनों छात्राओं को प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान, राजेंद्र थवाईत, व पुरुषोत्तम कश्यप द्वारा कॉपी पेन देकर पुरुस्कृत किया गया.निर्णायक नरेश गुरूद्वान, मनोज घृतलहरे, पुरुषोत्तम कश्यप रहे। आग से बचाव पर भाषण में संदीप, रुचि, ने ज्ञान वर्धक जानकारी अपने भाषण में प्रदान किया। प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने आग लगने के कारणों व उससे बचने के उपाय व सावधानी के बारे में बताया। आयोजन मे सुरेश महंत पुरुषोत्तम कश्यप, मनोज घृतलहरे, सुप्रिया, राजेंद्र थवाईत, विशेष योगदान रहा। संचालन प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने किया।

### गौरव ग्राम मल्दा में अखण्ड नवधा रामायण 27 से



**बिर्रा।** गौरव ग्राम मल्दा हटवारा पारा में 27 मार्च से 5 अप्रैल तक अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, निर्मल सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती कमलेश जांगड़े प्रत्याशी लोकसभा जांजगीर, चैनसिंह सामले पूर्व विधायक मालखरौदा, गोपीसिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा सक्ती, श्रीमती मोहनकुमारी साहू जनपद सदस्य बम्हनीडीह, श्रीमती ज्योति किशन कश्यप पूर्व जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती जानकी सत्यनारायण चंनद्रा जनपद सदस्य, कुशल चन्द्रा प्रबंधक सहसमिति किकिरदा, अभिषेक सोनी युवा नेता जैजैपुर उपस्थित रहेंगे। अखण्ड नवधा समिति के संरक्षक मनोज गौटिया, अध्यक्ष जेतूराम केंवट, उपाध्यक्ष मोहनलाल कश्यप, कोषाध्यक्ष रामगुलाम कश्यप, सचिव तुलेश्वर कश्यप है। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 8001 रुपए, तृतीय 6001 रुपए, चतुर्थ 5501 रुपए, पंचम 5001 रुपए, षष्ठम 4001 रुपए, सप्तम 3201 अष्टम 3101 रुपए, नवम 3001 रुपए, दसम 2001 रुपए,, ग्यारहवां 2801 रुपए, बारहवां 2701 रुपए, तेरहवां 2601 रुपए, चौदहवां 2501 रुपए, पंद्रहवां 2401 रुपए, सोलहवां 2301 रुपए, सतरहवां 2201 रुपए, अठारहवां 2101 रुपए दिया जाएगा। फाइनल प्रतियोगिता गुरुवार 4 अप्रैल की रात्रि 8 बजे से होगा।

### संभागीय धीवर समाज के घसियाराम अध्यक्ष व प्रहलाद बने सचिव

**नवागढ़।** संभागीय धीवर समाज महासभा बिलासपुर के नवागढ़ केंद्र का कार्यकाल 5 वर्ष पूरा होने के उपरांत चुनाव नहीं करवाने पर धीवर समाज द्वारा संज्ञान लेकर 23 मार्च को नवागढ़ में नवागढ़ केंद्र का चुनाव हुआ। कार्यक्रम में भरत लाल धीवर पूर्व महासभा अध्यक्ष एवं भागीरथी धीवर नवागढ़ रेंज अध्यक्ष की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष घसिया राम धीवर नवागढ़, उपाध्यक्ष जवाहर धीवर कर्रा, सचिव प्रहलाद धीवर सिउड़, कोषाध्यक्ष खोलबहरा धीवर किरीत, सदस्यगण दऊआ धीवर अमोदा, धनाऊ धीवर भैंसमुडी, मुन्ना धीवर सिउड़, जीतराम धीवर नवागढ़, गंगाराम धीवर किरीत को सदस्य मनोनीत किया गया। नवागढ़ रेंज के भागीरथी धीवर अध्यक्ष, ताराचंद ढीमर उपाध्यक्ष, रामेश्वर धीवर कोषाध्यक्ष, प्रभात धीवर सचिव , नंदलाल धीवर , पुरुषोत्तम धीवर केंद्राध्यक्ष खोखरा, भरत धीवर, शत्रुघ्न धीवर, रंजित धीवर समेत सैकड़ों सम्मानीय स्वजातीय बंधु शामिल होकर समाज को आगे बढ़ाने संकल्प लिया।

### मोहतरा में बच्चों को परोसा गया चावल दाल, सब्जी व पापड़



**केरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोहतरा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत शांतिलाल पटेल पूर्व सरपंच एवं भागीरथी पटेल वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्रीमती कौशिल्या पटेल द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान शांतिलाल पटेल द्वारा खीर पुड़ी व भागीरथी पटेल द्वारा केला का वितरण कराया गया न्योता भोज में बच्चों को खीर पुड़ी केला चावल दाल सब्जी पापड़ परोसा गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक रामशरण कुंभकार, अमित शुक्ला, श्री जाटवर, पुष्पेंद्र देवांगन, चंद्रशेखर देवांगन, रामकृष्ण देवांगन, उमाशंकर देवांगनव गांव के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## शुभ मुहूर्त में जगह-जगह होलिका दहन

# रंगोत्सवः प्रेम व सद्भावना के साथ उड़ेंगे अबीर गुलाल



होलिका का दहन किया गया।



रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटे की खरीद्दारी करते लोग।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

रंगों का पर्व होली 25 मार्च को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर रविवार को शहर के बाजार में जमकर रंग-गुलाल की बिक्री हुई। देर रात्रि शुभ मुहूर्त में जगह-जगह होलिका दहन की गई। होली पर्व को लेकर बच्चों से लेकर बड़े सभी में उत्साह देखा जा रहा है। होली के एक दिन पूर्व 24 मार्च को शहर में सजे रंगों के बाजार में रंग पिचकारी की जमकर खरीदी होती रही। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शहर के लोगों के साथ ग्रामीण अंचल के लोगों के द्वारा जमकर रंग अबीर पिचकारियों की खरीदी की गई। लोग सुबह दुकान खुलने

### सुबह से ही बच्चे खेलते हैं होली

से लेकर शाम ढलने तक रंगों की खरीदी करते रहे। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार रंगों के बाजार में महंगाई थोड़ी ज्यादा रही, बावजूद इसके लोगों द्वारा जमकर रंग पिचकारी अबीर की खरीदी की गई। सुबह होने के कुछ घंटों के बाद से ही बच्चों में होली की खुमारी चढ़ जाती है और विभिन्न मोहल्लों में बच्चे होली खेलने पिचकारियां लेकर घर से बाहर निकल जाते हैं, इसके अलावा पूर्वान्ह के पूर्व ही युवाओं की टोलियां होली के रंग लेकर निकल पड़ते हैं। धीरे-धीरे कई लोग होली खेलते नजर आने लगते हैं, वहीं महिलाओं की टोली दोपहर होने के साथ ही होली के रंगों में भिंगने के लिए निकल पड़ती है। आज के दिन पूरे शहर क्षेत्र में बुरा न मानों होली है कि गुंज सुनाई देती है। शहर के अलावा जिलेभर में होली का उत्साह लोगों में देखने को मिलेगा। इस दिन ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर होली खेली जाएगी। होली में हुड़दंग को रोकने के लिए शहर क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दिनभर घुमती रहेगी, जिसके चलते पुलिस कर्मियों की होली 25 मार्च को नहीं बल्कि 26 मार्च को मनाई जाएगी। होली के दूसरे दिन पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर होली

### शराबियों व हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर

होली के दिन हुड़दंगी करने वालों एवं शराब पीकर शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। ऐसे लोगों की होली हवालात में मनेगी। पुलिस प्रशासन ने जिले के लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है, ऐसे में यदि कोई अशांति उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो ऐसे लोगों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि होली के अवसर पर कई लोगों के द्वारा शराब के नशे में हुड़दंग मचाया जाता है तथा कई लोगों को जबरन रंग लगाया जाता है।

### घर-घर गुजिया भजिया व्यंजनों की बिखरेगी खुशबू

होली पर्व पर हर घर में गुजिया, भजिया सहित अन्य तरह के व्यंजनों की खुशबी बिखरने वाली है। इस दिन हर घर में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं, इसके अलावा होली के दिन कई घरों में मटन-चिकन बनाए जाते हैं। इस दिन मटन चिकन का बाजार में जमकर खरीदी की जाती है।

### शालीनता के साथ मनाएं होली

पुलिस प्रशासन के द्वारा होली का पर्व शालीनता के साथ मनाने की अपील जिले के लोगों से की गई है। होली पर्व पर किसी पर जबरन रंग अबीर नहीं डालने एवं रंगों के अलावा अन्य दूसरी चीजों से होली खेलने से परहेज करने की अपील की है साथ ही पर्व पर शराब पीकर हुड़दंग नहीं करने एवं वाहन नहीं चलाने की भी पुलिस प्रशासन ने जिले के लोगों से अपील की है।

# आवारा मवेशियों से राहगीर परेशान



सड़क में घूमते आवारा मवेशी।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शहर का बाजार होली पर्व को लेकर गुलजार रहा,वहीं दूसरी ओर आवारा पशु भी शहर की सड़कों पर बेफिक्र होकर विचरण करते दिखाई देते रहते हैं, जिससे कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर के सड़कों पर आवारा पशुओं का विचरण करना वर्षो पुरानी समस्या है, जिससे निजात दिलाने की दिशा में ठोस पहल नहीं की जा रही है। रविवार को शहर के कोरिया कुमार चौक की ओर से आधा दर्जन से अधिक आवारा पशु मुख्यमार्ग से विचरण करते हुए फव्वारा चौक की ओर जाते दिखाई दिए। इस तरह का नजारा शहर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों के मार्ग पर दिखाई देते है। दिनभर आवारा पशु शहर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो पर विचरण करने के कारण लोगों को एवं वाहन चालकों को परेशानी होती है, कई बार आवारा पशुओं के सड़क पर विचरण करने के कारण वाहन चालक दुर्घटना के शिकार भी होते हैं, वहीं बाजार दिवस भी मवेशी भीड़-भाड़ के बीच घुमते दिखाई देते हैं, इससे आमजन के साथ-साथ बाजार आए व्यापारी भी परेशान होते हैं। कई बार तो आवारा पशुओं को दिन में भी मुख्य मार्ग के बीचों-बीच बैठे या खडे हुए देखा जा सकता है, इससे यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है और इस कारण से सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के लिए संभावित दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

### शाम ढलने के बाद सड़कों पर डेरा

शहर क्षेत्र में दिनभर आवारा पशु विभिन्न मार्ग पर विचरण करते रहते हैं और शाम ढलने के बाद सड़कों पर ही अपना डेरा जमा लेते हैं। शहर के महलपारा , पैलेस, पुराने बस स्टैंड, गौरवपथ मार्ग पर शाम ढलने के बाद आवारा पशु सड़क पर ही अपना डेरा जमा लेते हैं, इससे सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को होती है। सड़क पर बैठे आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने की संभावना बने रहती है।

### कई पशु होते हैं दुर्घटना के शिकार

शहर के विभिन्न मार्ग पर आवारा पशुओं के आवाजाही एवं बैठे या फिर खडे रहने के कारण कई बार सड़क पर वाहन चलाने वाले दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं, इसके अलावा कई मवेशी भी वाहन से दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं, बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन आवारा पशु मुक्त सड़क करने की दिशा में अब तक नाकाम साबित हुई है।

# मसीही परिवार ने हर्षोउल्लास से मनाया खजूर पर्व

हरिभूमि न्यूज. खड़गवां

दुबछोला के मसीही परिवारों द्वारा चालीसा के पूर्ण सप्ताह के मौके पर रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में धार्मिक अनुष्ठान कर पर्व मनाएं। वहीं रोमन कैथोलिक धर्म के लोगों के द्वारा खजूर की डालियां अपने हाथों में लेकर रैली निकाली। सुबह 7:30 बजे खजूर के आशीष युक्त डाली को हाथ में लेकर प्रभु का गुणगान किया गया, इसके बाद बाइबल पढ़कर मुख्य अनुष्ठाता के द्वारा धार्मिक प्रवचन प्रस्तुत किया गया। फादर पिआर साय एक्का ने बताया कि प्रभु यीशू का यरुशलम पहुंचना ईसाइयों के लिए बहुत खुशी का मौका था। उस समय उनके पास साज-सजावट के लिए कुछ खास चीजें नहीं थी, इसलिए वहां के लोगों ने प्रभु यीशू का स्वागत खजूर के पत्तों और डालियों से किया, इसलिए इस दिन को खजूर रविवार कहा जाता है। पाम संडे के दिन से ही चर्च



प्रवचन सुनाते फादर।



में प्रभु यीशू की आराधना, भक्ति और गीतों का दौर शुरू हो जाता है, जो ईस्टर तक चलता है। खजूर रविवार में इस्तेमाल की गई खजूर की डालियों की पत्तियों को सालभर के लिए संभालकर रख दिया जाता है और अगले साल इसे जलाकर इसकी राख बनाई जाती है, जिसका इस्तेमाल ऐश वेडनेस डे या राख बुधवार पर किया जाता है। पाम संडे के बाद आने वाले शुक्रवार को गुड फ्राइडे और रविवार को ईस्टर मनाया जाता है, जो ईसाई धर्म के लिए बेहद खास होता है। कार्यक्रम में जय धन कुजूर, सुनीता कुजूर,मंजू लता बरवा, सुधीर कुजूर, सुबोध, रोशनी एक्का, मोनिका कुजूर, पूनम लकड़ा, एविल तिर्की, किरण कुजूर, डेनियल बखला, एलेक्स, मिलानुस, नेल्सन ऐब्रेलसिया, प्रमिला बड़ा, सुमंती एक्का, दीपिका बड़ा, राजकिशोरी मिंज, अर्षभ निकोल बरवा सहित काफी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खिलाया गया पौष्टिक आहार व फल

**बिर्रा-सिलादेही।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिलादेही में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम के तहत न्यौता भोजन कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बालक बालिकाओं को दाल भात सब्जी चिप्स केला जलेबी परोसा गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्या श्रीमती अनिता राज, व्याख्याता श्रीमती गीता जायसवाल, अन्नपूर्णा बड़ा, जगदीश दुबे, युवा नेता रामेश्वर साहू, श्रीमती लक्ष्मीनबाई पटेल, श्रीमती गैसबाई सहोद्रासाहू, प्रधान पाठक प्रीतम प्रसाद खुंटे, गोपी तिवारी सम्मेलाल, सुरेश चंद, सफाई कर्मचारी राजनकुमार,के अलावा ग्रामीण जन महिला भारी संख्या में उपस्थित थे।

# होली की पूर्व संध्या पर हिंदी साहित्य भारती का विशेष कार्यक्रम 'यारों नीलाम करो खुशी'

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

हास्य का बहुत अधिक प्रभाव दिल पर पड़ता है, हास्य से फेफड़ों में तेजी से ऑक्सीजन और हीमोग्लोबिन का मिलन होता है। यह केवल शरीर की ही नहीं, यह मन की गांठे भी खोल देता है। हास्य की इसी पृष्ठभूमि पर होली की पूर्व संध्या पर यारों नीलाम करो खुशी कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं वैचारिक विचार मंच के लिए गठित हिंदी साहित्य भारती की जिला इकाई के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सतीश उपाध्याय ने बताया कि यारों नीलाम करो खुशी कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश कुमार जैन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट एवं वरिष्ठ व्यंग्यकार जगदीश पाठक उपस्थित रहेंगे, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में कोहिनूर सम्मान से सम्मानित मंजुला कौरव, विजय नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल से गायक उपकार शर्मा, नंदिनी एवं नगर के प्रमुख साहित्यकार भी उपस्थित रहेंगे। हंसी खुशी और उल्लास के पर्व होली की पूर्व संध्या पर आयोजित इस संपूर्ण कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ताओं एवं साहित्यकारों द्वारा होली पर्व आज के संदर्भ में विचार एवं उनकी उत्कृष्ट हास्य रचनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक ने कहा कि हंसी मन की गांठे खोल देती है। हंसने मुस्कुराने में कोई बहुत बड़ी कठिनाई नहीं है,यह तो आपके जीवन का एक हिस्सा है। आवश्यकता है बस इसे अपनाने की एवं जीवन का एक हिस्सा बनाने की। यारों नीलाम करो खुशी कार्यक्रम हिंदी साहित्य भारती के जिला संयोजक एवं वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय के निवास में 24 मार्च को सायं रखा गया है। श्री उपाध्याय ने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव एवं समरसता बनाने की दिशा में एक लघु प्रयास है।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मनाया जाएगा होली का पर्व

# जिलेभर में तैनात किए गए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

24 मार्च को होलिका दहन 25 मार्च को होली धुलेड़ी एवं 30 मार्च को रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा। त्यौहार को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए कोरिया पुलिस द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था लगाई गई है। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था की प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर को बनाया गया है। उनके सहायतार्थ बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की संपूर्ण प्रभारी अधिकारी पुलिस अनुविभगीय अधिकारी बैकुंठपुर श्रीमती कविता ठाकुर, थाना पटना क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्याम मधुकर, चौकी बचरापोंड़ी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक अजाक नेलशन कुजूर, थाना चरचा क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स राजेश साहू, थाना सोनहत क्षेत्र के प्रभारी अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक जेपी भारतेंदु एवं पेट्रोलिंग पार्टी के प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक बैकुंठपुर रविकांत सहारे को बनाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत त्यौहारों के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून



सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश देते अधिकारी।

व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी बैकुंठपुर निरीक्षक विपिन लकड़ा के नेतृत्व में 4 पेट्रोलिंग पार्टी एवं शहर के 10 विभिन्न स्थानों पर कुल 51 अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। चौकी बचरापोंड़ी में पदस्थ बल के साथ पेट्रोलिंग के लिए अतिरिक्त बल भी प्रदाय किया गया है। इसी प्रकार थाना प्रभारी चरचा निरीक्षक अनिल किंडों के नेतृत्व में 3 पेट्रोलिंग पार्टी एवं चरचा शहर के 4 विभिन्न स्थानों पर कुल 23 अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कानून व्यवस्था और सुदृढ़ करने के लिए थाना प्रभारी पटना निरीक्षक शीतल सिदार के नेतृत्व में पटना, कटकोना एवं पंडोपारा में कुल 4 पेट्रोलिंग पार्टी एवं शहर के 4 प्रमुख जगहों पर कुल 26 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। थाना सोनहत एवं चौकी रामगढ़ में थाना प्रभारी सोनहत निरीक्षक हेमंत अग्रवाल के नेतृत्व में 3 पेट्रोलिंग पार्टी एवं 3 फिक्स जगहों को मिलाकर कुल 23 अधिकारियों-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। होली के इस पर्व में यातायात नियमों का पालन कराने एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक विपुल जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा शहर के चौक-चौराहों में लगातार पेट्रोलिंग करने के लिए निर्देशित किया गया है, इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक ज्यालक्ष्मी के नेतूल में महिला पेट्रोलिंग की व्यवस्था भी की गई है, जो लगातार पेट्रोलिंग करते रहेगी एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संबंधित स्थान पर पहुंचेंगी, इसके अतिरिक्त रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में निरीक्षक ललित साहू के नेतृत्व में क्यूआरटी बल को भी तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटीरत सभी प्रभारी अधिकारियों को प्रत्येक घंटे कंट्रोल रूम में खैरियत नोट कराने के लिए आदेशित किया है।

### साउंड सिस्टम पर प्रतिबंध

एसपी श्री परिहार ने निर्देश दिए हैं कि डीजे साउंड सिस्टम पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसका प्रयोग न हो, सभी होलिका दहन स्थानों पर किसी प्रकार की अशांति न हो, शराब पीकर व तीन सवारी दुपहिया वाहनों की रोकथाम करें और इस पर वैधानिक कार्रवाई करें, भांग, शराब पीकर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर सतत निगरानी राखी जाए एवं उन पर समुचित कार्रवाई भी की जाए। दुकानों पर शरीर के लिए हानिकारक रसायनिक रंग या अन्य द्रव्यों की बिक्री न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। एसपी ने निर्देशित किया कि रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड पर कोई असुविधा न हो, होली रंगपंचमी पर्व पर मुखौटे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए, किसी प्रकार का जुलूस, रैली न निकाला जाए, अतिआवश्यक सेवाएं जैसे अस्पताल, दवाई दुकान, दुग्ध, सब्जी की दुकाने खुली रहे एवं दुपहिया वाहन में ओवर सवारी एवं हथियार लेकर चलने वालों पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाकर कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कोरिया पुलिस ने अपील की है। कोरिया पुलिस लगातार असामाजिक तत्वों पर लगाम कसी हुई है एवं निरंतर कार्रवाई कर रही है। आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए, इसके लिए कोरिया पुलिस प्रतिबद्ध है। इसके लिए संपूर्ण जिले में पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को ड्यूटी में तैनात किया गया है।

24 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 3/24/2024 6:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### शिक्षिका खेल-खेल में बच्चों को पढ़ा रही अंग्रेजी, गणित व विज्ञान

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत तामेश्वरनगर के प्राथमिक शाला कोइरीपारा में पदस्थ शिक्षिका द्वारा खेल-खेल में बच्चों को अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान को सरल रूप में पढ़ा रही है। । शिक्षिका द्वारा योग प्राणायाम भी बच्चों को सिखाया गया जिससे बच्चे योग में भी बच्चे पारंगत हो गए हैं। गौरतलब है कि ग्राम तामेश्वरनगर के प्राथमिक शाला कोरीईरीपारा में 14 नवंबरसे प्रधान पाठिका के रूप में सिम्मी गुप्ता ने पदभार संभाला। इसके बाद से लगातार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। बच्चों की पढ़ाई रोचक रूप से कराई जा रही है वही बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को निखारने का भी काम किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को योग प्राणायाम भी सिखाए जा रहे हैं। स्कूल के सभी बच्चे योग में पारंगत हो गए हैं। वे कठिन आसन के अभ्यास भी आसानी से कर ले रहे है। बच्चों को खेल-खेल में विज्ञान, अंग्रेजी,गणित पढ़ाया जा रहा है और संगीत के माध्यम से भी शिक्षा दी जा रही है। अब बच्चों को पढ़ने में रुचकर लग रहा है एवं बच्चे मन लगाकर अध्ययन कर रहे है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार गई जान

**अम्बिकापुर।** सोनपुर के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोरिया निवासी विमल टोप्पो आ. स्व. मिठू टोप्पा (43 वर्ष) गत दिन दोपहर बाइक से शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सोनपुर के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त ग्रामीण ने कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर निवासी राय सिंह आ. स्व. शिव नारायण सिंह (35 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 20 मार्च को शराब के नशे में धुत था। इसी दौरान अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### मासूम पर गिरा दरवाजा, उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर में खेल रहे मासूम पर चौखट सहित दरवाजा गिर गया। दरवाजे के नीचे दबने से गंभीर हुए बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम डेढ़ ढाबा निवासी गोपाल का 2 वर्षीय पुत्र निलेश आज सुबह घर में खेल रहा था। इसी दौरान चौखट सहित दरवाजा उसके ऊपर गिर गया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन बालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### आए दिन हो रही दुर्घटना को लेकर नगर वासियों ने किया चक्काजाम

# कार की टक्कर से वृद्ध कालरीकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

**खास बात**
- एसडीओ के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया चक्काजाम

दुकान सामान लेने जा रहे वृद्ध कॉलरी कर्मी को मॉडिफाई जीप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कॉलरी कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर नगर के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। घटना से आक्रोशित लोगों एवं परिजन ने शनिवार की सुबह भटगांव - जरही मार्ग में मिशन चौक पर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर आक्रोश प्रकट करते हुए घटना घटित करने वाले युवक को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। लगभग दो घंटे तक चले चक्का जाम को एसडीओपी प्रतापपुर के आश्वासन पश्चात समाप्त किया। चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग कई तथा कोल परिवहन बाधित हुआ।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे भटगांव कॉलोनी निवासी कुंवरलाल सूर्यवंशी जो जगन्नाथपुर ओसीएम में मैकेनिकल फिटर के पद पर कार्य करते थे। घर से अकेले यह कह कर निकले की किराना सामान लेकर आ रहा हूं। शिव मंदिर के समीप किराया दुकान में जाकर खड़े थे कि तभी अचानक मॉडिफाइड जीप का चालक आदित्य धनराज सिंह आ. स्व शैलेंद्र कुमार सिंह (20 वर्ष) ने कॉलरी कर्मी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे सड़क पर गिरे कुंवरलाल सूर्यवंशी के ऊपर से गाड़ी का बड़ा पहिया चढ़ते हुए पार हो गया और बिजली पोल से टकराते हुए दो-तीन बाइक का क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में धूत्त था और वाहन काफी तेज गति से चला रहा था। मॉडिफाइड जीप के बड़े टायर की चपेट की चपेट में आने से कुंवरलाल सूर्यवंशी की गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख आसपास के लोगों ने घायल को एसईसीएल अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत कॉलरी कर्मी को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाद भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी चालक आदित्य धनराज सिंह मौके से दूसरी गाड़ी मे बैठ कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बेटे रवि शंकर सूर्यवंशी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत मामला पंजीबद्ध करके शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



चक्काजाम करते नगरवासी।

**दो घंटे तक किया चक्काजाम**

कॉलरी कर्मी की मौत की जानकारी लगते ही दूसरे दिन नगर के लोगों एवं परिजन ने भटगांव-जरही मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने आए दिन हो रही दुर्घटना तथा शराब के नशे में धुत होकर वाहन तेज गति से चलाने और पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर काफी आक्रोशित नजर आए। चक्का जाम कर रहे लोगों ने वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। चक्का जाम लगभग दो घंटे तक था जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बाधित रहा। इधर चक्का जाम करने की जानकारी लगते ही प्रतापपुर एसडीओपी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया।

# पाम संडे पर खजूर की डालियों के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महागिरजाघर में संपन्न कराए गए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

मसीही समाज द्वारा रविवार को पाम संडे का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पाम संडे के अवसर पर हाथ में खजूर की डालियां लेकर समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बाद बिशप की अगुवाई में खजूर रविवार के विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किए गए। रविवार को रोमन कैथोलिक मसीही समाज द्वारा प्रभु ईशा मसीह के येरुसलम प्रवेश की याद में महा गिरजाघर नवापारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो चर्च कैम्पस से सेंट जेवियर्स स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। खजूर रविवार के अवसर पर प्रातः 6 बजे से महागिरिजाघर में सर्व प्रथम खजूर की डालियों की आशीष प्रार्थना सरगुजा धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉ अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में सम्पन्न कराई गई। अशीष प्रार्थना के बाद खजूर डालियां हाथ में लेकर मसीहीजन महागिरजाघर प्रांगण से सेन्ट जेवियर स्कूल प्रांगण से होकर वापस महागिरिजाघर पहुंचे। गिरिजाघर में पुनः प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विशप अंतोनी बड़ा के नेतृत्व में पल्ली पुरोहित फादर जॉर्ज ग्रे कुजूर द्वारा मिस्सा बलिदान पूजा, धार्मिक अनुष्ठान व बाइबिल पाठ का वाचन कराया गया।

विदित हो कि अपनी मृत्यु पूर्व प्रभु येसू ने एक विजयी राजा के समान येरूसलेम में प्रवेश के दौरान अमीरो ने कपड़े आदि राह में व गरिबों ने पेड़ो की पत्तीयों जैतुन की डालियां व हाथ में खजूर की डालियां लहराते हूए अपने राजा का भव्य स्वागत किया था। आज के इस दिन से पुण्य सप्ताह की भी शुरुआत हो जाती है। इस अवसर पर अपने संदेश में विशप ने कहा कि अपनी मृत्यु के पूर्व अपनी अंतिम यात्रा मे प्रभु येसु ने एक विजयी राजा के समान येरूसलम के प्रवेश किया था। जनता ने भी दिल खोलकर उनका भव्य स्वागत कर उन्हें अपना राजा स्वीकार किया था लेकिन शासन- प्रशासन के कुछ लोगों को यह प्रवेश खटक रहा था। उसी दिन से उनकी मृत्यु की साजिश में लग गए थे। इस तरह येसु के विजयमान येरूसलेम प्रवेश ने ही उनके दुख भोग एवं मृत्यु का रास्ता खोल दिया था। कार्यक्रम में दौरान भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति फादर पीटर की अगुवाई में महिला संघ व काथलिक सभा के द्वारा दी गई। इस दौरान के फ़ादर ज्ञान प्रकाश, फादर अविरा, फ़ादर थेओदोर लकड़ा, महापौर डॉ. अजय तिर्की, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, उर्सू लाईन सिस्टर्स, संत अन्ना सिस्टर्स सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।



धार्मिक अनुष्ठान कराते पुरोहित।

## नाली निर्माण के बाद ढक्कन लगाना भूला ठेकेदार, खुले नाली में गिरा मवेशी

**पोड़ीमोड़।** पोड़ी मोड़ बनारस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए गए नाली निर्माण अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ठेकेदार द्वारा नाली तो बना दिया गया परंतु नाली को ढका नीं जिससे मवेशी गिर घायल हो रहे है। गत दिन भी मवेशी खुले नाली में गिर गया जिसे ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। बनारस मार्ग में विभाग द्वारा कुछ दिन पहले नाली निर्माण का कार्य कराया गया लेकिन ठेकेदार की मनमानी की वजह से नाली तो बना दिया गया लेकिन ढक्कन नहीं लगाया। क्षेत्र के ग्रामीण कन्हैयालाल कुशवाहा, शिव बालक सिंह द्वारा बताया गया कि ठेकेदार को कई बार नाली पर ढक्कन लगाने कहा गया परंतु ठेकेदार द्वारा ढक्कन नहीं लगाया गया। नाली के खुला होने से आए दिन मवेशी गिर घायल हो जाते है। गत दिन भी एक गाय की नाली में गिर घायल हो गई जिसे गांव के ही राहुल कुशवाहा, विजय नारायण कुशवाहा, शिवचरण नापित, संजय कुशवाहा, शिवम गुप्ता ने जेसीबी की मदद से बाहर निकाला। इधर नाराज ग्रामीणों द्वारा चंदा इकट्ठा कर नाली में ढक्कन लगवाया जा रहा है जिससे भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।



## विश्व जल दिवस पर रासेयो ने विविध माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

**सलका अघिना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में 22 मार्च विश्व जल दिवस पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य कन्नी लाल पैंकरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी ने छात्राओं को बताया कि इस वर्ष विश्व जल दिवस का थीम शांति के लिए जल है। उन्होंने जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन अनीता राजवाड़े एवं प्रमिला प्रजापति ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्लोगन, पोस्टर,गीत, कविता,भाषण , दीवार लेखन,मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। छात्राओं ने अपने गृह ग्राम में भी लोगों को जल के समुचित उपयोग करने एवं जल-संरक्षण के लिए जागरूक किया। प्रमिला प्रजापति एवं ममता राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम करौंटी के बच्चों को भी जल संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया जिससे प्रेरित होकर नंदिनी राजवाड़े,रूष्मा प्रजापति नूतन, मोना, रोशनी, रूपेन्द्र, प्रदीप एवं आकाश गुप्ता ने पोस्टर बनाया। इस दौरान अनीता राजवाड़े, रीता राजवाड़े, रीमा देवांगन, हीरामनी पैंकरा,सत्या अनंत, दुर्गा सिंह, सोनिया सिंह, प्रमिला प्रजापति, ममता राजवाड़े, सुनीता सिंह, रुक्मणी राजवाड़े ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य कन्नी लाल पैकरा, व्याख्याता मधु प्रेमा कुजूर,अरूणा एक्का, सोमनाथ नागेशिया, सिताराम अग्रवाल,कौशल्या भगत, तनुश्री मुखर्जी, प्रतीक कुमार गिद्ध, मधुसूदन गुप्ता, भृत्य जितेन्द्र पण्डो, श्रवण राजवाड़े, सम्पत्ति पैकरा एवं अन्य उपस्थित रहे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार मानी तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202307263200028/अ-27/2022-23

पक्षकार शिवबालक प्रति अजय महन्त व अन्य 03

**आवश्यक सूचना**

आम जनता ग्राम पोड़ी प.ह.न. 16 राजस्व निरीक्षक मण्डल पचिरा तहसील एंव जिला सूरजपुर को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवबालक आ.स्व.सुन्दर जाति पनिका निवासी ग्राम मानी थाना व तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मानी स्थित भूमि कुल खसरा नम्बर 08 कुल रकबा 2.48 हे. भूमि का 1/2 भागों में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारम्भ किया जा कर अनावेदकगणों को आम नोटिस के तहत उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया है परन्तु कोई अनावेदकगण उपस्थित नहीं हुए है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से इस प्रकरण में जो भी हितबद्ध पक्षकार हो उन्हे आहूत किया जाता है।

अतएव उक्त वाद भूमि के सम्बंध में कोई हितब्ध पक्षकार हो तो यह प्रकरण में नियत सूनवाई दिनॉक 04/04/2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में वह स्वंय अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत समय पर उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी जिसके लिए वह स्वतः जिम्मेदार होगा।

आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील -मानी**
**जिला - सूरजपुर (छ.ग.)**

TOP IN SURGUJA










# होली के दिन चौक चौराहों पर होगी पुलिस की विशेष व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय


होली के मद्देनजर पुलिस द्वारा हुड़दंगी व नशेड़ियों सहित संदिग्ध लोगों पर पुलिस निरंतर निगरानी रखी हुई है । प्रतापपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह पूरे दलबल के साथ में पैदल नगर भ्रमण किया।

पुलिस टीम ने राजघराना चौक, कदमपारा चौक, कॉलेज चौक, बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराधी बदमाश हुड़दंगियों पर व तेज वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर के चारों तरफ पुलिसिंग व्यवस्था बनाई गई है। इससे पूर्व थाना में होली के मद्देनजर रखते हुए होली उत्सव के कारण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार पुष्पराज, थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह सहित स्थानीय व्यापारी शामिल हुए। अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम ने कहा कि होली आपसी भाईचारा और सौभाग्य का त्यौहार है इसे शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। नगर के चौक चौराहा में पुलिस की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि होली के दिन हरदंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली में मोबिल ,गिरीश,गोबर का प्रयोग न करें तथा अच्छे क्वालिटी का रंग अबीर का उपयोग करे। केमिकल युक्त रंग अबीर से परहेज करे। वाहन को तेज रफ्तार से न चलाएं। डीजे संचालक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करें यदि करते भी हैं तो उसके लिए परमिशन जरूर ले नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी, राजेश गुप्ता, कृष्ण मुरारी शुक्ला, नवीन जायसवाल, जीशान खान, मनान खान, दीपक मित्तल, राजा खान, मुकेश ,इरफान,ऐश आई हरिशंकर तिवारी, इंद्रजीत सिंह,,अरविंद पांडे, सहित अन्य उपस्थित थे।




नगर भ्रमण करते पुलिस जवान।
























24 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 3/24/2024 6:29 PM Page 1



# ओलावृष्टि का प्रभाव खत्म, आसमान साफ होते ही चढ़ने लगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से मिली राहत खत्म होने को है तथा अब भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। विक्षोभ का प्रभाव खत्म होने एवं आसमान साफ होने के बाद फिर से तापमान में वृद्धि का क्रम शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों तक दिन एवं रात के तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मार्च के प्रथम सप्ताह में हल्की ठंड पड़ने के बाद दिन के तापमान में क्रमशः वृद्धि होने का क्रम शुरू हो गया था तथा 16 मार्च को दिन का तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। मौसम की स्थिति देख इस बार मार्च में ही भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही थी। ऐन समय पर पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से जमकर हुई ओला वृष्टि एवं बेमौसम बारिश ने वातावरण को ठंडा कर दिया। विक्षोभ के प्रभाव से चार दिनों में 37.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई वहीं जगह-जगह जमकर ओले गिरे। ओलावृष्टि से दिन का तापमान गिरकर 24.9 डिग्री एवं रात का तापमान 12.8 डिग्री पर पहुंच गया। दिन का तापमान औसत से 8 डिग्री नीचे पहुंचने के कारण ठंड लौट आई एवं लोगों को फिर से कंबल एवं स्वेटर निकालना पड़ा। लगातार बारिश एवं ओलावृष्टि से लगातार एक सप्ताह तक गर्मी से राहत रही। मौसम साफ होने पर दो दिन की राहत के बाद अब तापमान में वृद्धि का क्रम प्रारम्भ हो गया है। शनिवार तक रात का तापमान औसत से नीचे होने के कारण गर्मी से राहत थी। अब तीखी धूप निकलने के साथ ही लगातार दिन एवं रात के तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दो-तीन दिनों तक तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। एक कमजोर पछुआ विक्षोभ उत्तर भारत से गुजर रहा है जिसका प्रभाव सरगुजा संभाग पर पड़ने की संभावना नहीं है। गर्मी के मौसम में बीच-बीच में सक्रिय होने वाले पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव आता है। इस बार नवम्बर के महीने से ही लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं।

## दिन का तापमान पहुंचा 34 डिग्री, रात में राहत नहीं

### फिर सक्रिय हो रहा विक्षोभ

अरब सागर में फिर से एक सिस्टम सक्रिय हुआ है तथा तेजी से पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है। हालाकि अभी विक्षोभ भारतीय सीमा से दूर है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि तीन-चार दिनों के बाद विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर फिर से बादलों की आवाजाही शुरू होने की संभावना है। विक्षोभ ताकतवर हुआ तो मौसम में एक बार फिर उलटफेर हो सकता है। फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।



### ऐसे बढ़ रहा तापमान

24 मार्च न्यूनतम 15.5
23 मार्च न्यूनतम 13.4
अधिकतम 33.8
22 मार्च न्यूनतम 12.9
अधिकतम 30.4
21 मार्च न्यूनतम 12.8
अधिकतम 28.0

## खबर संक्षेप



### रायल पार्क में बच्चों ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

**अम्बिकापुर।** रायल पार्क कालोनी में सुबह 6 बजे से 7.30 तक योग के माध्यम से जीवन प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों ने योग प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिक्षक कमलेश सोनी ने योगाभ्यास का महत्व बताया तथा कहा कि योग, प्राणायाम के नियमित अभ्यास से मन एकाग्र होता है तथा स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है। व्यक्ति में साहस, करूणा, सहनशीलता, पुरूषार्थ जैसे गुण विकसित होते है। इस दौरान बच्चों को योगिग जागिंग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, सिंहासन, कास्यासन का अभ्यास कराया गया। इस दौरान राजेन्द्र अग्रवाल, अखिलेश सोनी, अनिल सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### अग्निवीर में चयनित होने पर गांव के लोगों ने रोहित मुंडा का किया भव्य स्वागत



**कुसमी।** विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत घुटरा डीह निवासी रोहित कुमार मुंडा (19 वर्ष( का अग्निविर में चयनित होने पर गांव के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया । साथ ही रोहित कुमार मुंडा को मिठाई खिलाकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की। घुटरा डीह गांव में बाजे गाजे के साथ रोहित के रोहित मुंडा के घर पहुंचे और पूरे गांव में रैली निकाली गई।अग्निविर में रोहित कुमार मुंडा के चयनित होने पर विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह व भाजपा नेता राजेश्वर गुप्ता द्वारा शॉल भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना की । इस दौरान भाजपा नेता अर्जुन यादव, डब्लू यादव, राजा गुप्ता, अशोक सोनी, दिलीप गुप्ता, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित ग्राम पंचायत घुटराडीह काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

**अंबिकापुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में राजनीतिक कार्यक्रम किए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शासकीय शैक्षणिक संस्थान जहां वार्षिक परीक्षा का संचालन हो रहा है उस परिसर में राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति सत्ताधारी भाजपा दबाव बनाकर अनुमति ली गयी है ऐसा प्रतीत होता है।कांग्रेस ने इस मामले पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

### अस्पताल परिसर से चोरों ने पार किया बाइक, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। अस्पताल परिसर से एक बार भी चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोग परेशान है।गत दिन भी चोरों ने अस्पताल परिसर से एक बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर भाटपारा निवासी दिलीप कुमार आ. रामजीत (24 वर्ष) 7 मार्च को पत्नी लीलावती को प्रसव कराने एमसीएच में भर्ती कराया। युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजे 2511 को अस्पताल परिसर में खड़ा कर वार्ड में गया था। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## प्रति बोरी आ रही डेढ़ किलों की सूखत, कैसे होगी भरपाई

# समय पर उठाव नहीं होने के कारण निम्हा उपार्जन केन्द्र के धान में होने लगा अंकुरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- चार महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़ है धान

उपार्जन केन्द्रों में पिछले पांच महीने से खुले आसमान के नीचे पड़े धान पर अब गर्मी एवं बेमौसम वर्षा का असर दिखने लगा है। महीनों से पड़ी धान की बोरियों का वजन डेढ़ किलों घट गया है वहीं नीचे की बोरियों से अब धान का अंकुरण होना शुरू हो गया है।

बेमौसम बारिश से उपार्जन केन्द्र निम्हा को लाखों रूपए की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। धान खरीदी बंद होने के एक महीने बाद भी विकासखण्ड के उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव नहीं हो सका है। चूहे लगातार धान की बोरियों को कुतर रहे हैं। लम्बे समय से खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण धान में सूखत आने के कारण लगातार वजन घट रहा है। हाल में आए आंधी-तूफान में भी धान को नुकसान हुआ है तथा बारिश में भारी मात्रा में धान भीग गया है। अभी भी विकासखण्ड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र निम्हा में 8900 क्विंटल, कुन्नी में 5967, जमगला में 3000, लोसंगा में 290, पुहपुटरा में 924 एवं अमलभिट्टी में 1494 क्विंटल धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि प्रति बोरी 40.700 किलों धान की खरीदी की गई थी। नियमानुसार खरीदी के 24 घंटे के अंतराल में धान का उठाव होना चाहिए लेकिन खरीदी के चार महीने बाद भी धान का उठाव नहीं हो सका है। लम्बे समय तक खुले आसमान के नीचे पड़े होने के कारण धान की बोरियों में डेढ़ किलों की सूखत आ रही है। हाल में आए आंधी-तूफान में तिरपाल के नीचे रखा धान भीग गया है तथा मौसम साफ होने के बाद अब धान की बोरियों से अंकुर निकलना शुरू हो गया है।

डीओ लेने के बावजूद राइस मिलर धान का उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं तथा धान के खराब होने का इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में निम्हा उपार्जन केन्द्र के प्रभारी बुधन राम ने बातया कि उपार्जन केन्द्र द्वारा खरीदे गए 56 हजार क्विंटल में से 8900 क्विंटल धान उठाव के लिए बचा है। आंधी-तूफान, बारिश में भीगा धान अंकुरित हो रहा है। धान को अंकुरण से बचाने प्रतिदिन तिरपाल खोलकर सुखाया जा रहा है। उपार्जन कैन्द्र का 100 क्विंटल धान खराब होने का अनुमान है।



धान की बोरियों से निकला अंकुर।



## संजयनगर-अजबनगर के मध्य जर्जर सड़क से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की स्थिति इन दिनों संजय नगर -अजबनगर क्षेत्र में जर्जर स्थिति में है। सड़क की बदहाली से आमजन को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बदहाल सड़क की वजह से आए दिन लोग छोटी बड़ी दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विकासखंड सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर, रविंद्रनगर व अजबनगर में वर्षों पूर्व बनाए गए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बदहाल सड़क के मरम्मत कार्य हेतु कई बार संबधित विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई लेकिन अब तक लोगों को केवल कोरे आश्वासन से ही काम चलाना पड़ रहा है। सड़कों की स्थिति दयनीय होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूखे दिनों के साथ ही बारिश के दिनों में उक्त गढ्ढा नुमा सड़क पर पानी का जमाव होने से लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार तो बदली लेकिन यहां की व्यवस्था में कोई सुधार होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। बदहाल सड़क के मरम्मत कार्य हेतु कई बार विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत कराए जाने के बाद भी आज तक केवल कोरे आश्वासन से ही आमजन को संतुष्ट होने विवश होना पड़ रहा है।ऐसे में अव्यवस्था से लोगों में काफी नाराजगी व्याप्त है।

## प्राचार्य के खिलाफ जांच टीम के समक्ष अभिभावकों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- दूसरे रंग का ब्लेजर पहनने पर छात्र से मारपीट का मामला



विद्यालय में छात्र से मारपीट के मामले में जांच शुरू कर दी गई गई है। प्राचार्य द्वारा की छात्र के साथ की गई मारपीट के घटना की जांच करने पहुंची टीम के समक्ष अभिभावकों व छात्रों ने जमकर नाराजगी जताई है। अभिभावक व छात्र छात्राओं के प्राचार्य बदलने की मांग करते हुए ऐ दिन बच्चों से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

बता दें कि दो दिनों पूर्व ब्लेजर पहनने को लेकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय देवगढ़ के प्राचार्य सुनील गुप्ता ने कक्षा 9वी के छात्र की पिटाई कर दी थी। छात्र स्कूल द्वारा निर्धारित ब्लेजर के बजाए दूसरे रंग का ब्लेजर पहनकर स्कूल पहुंच गया था। जिसे देख प्राचार्य नाराज हो गए और बच्चे की पिटाई कर दी थी। बच्चे की पिटाई से आहत पिता एवं परिजनों ने प्राचार्य के समक्ष मारपीट की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। घटना की शिकायत के बाद डीईओ द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम शनिवार को मामले की जांच करने पहुंची थी। जांच टीम ने सबसे पहले स्कूल के छात्र छात्राओं व परिजन से पूछताछ की और इसके बाद बंद कमरे में प्राचार्य से पूछताछ की गए।

जांच टीम के समक्ष अभिभावकों व छात्र छात्राओं ने आरोप लगाया कि प्राचार्य सुनील गुप्ता का रवैया बच्चों के प्रति काफी कठोर है और छोटी छोटी बातों पर नाराज होकर मारपीट करने लगते है। छात्रों ने प्राचार्य बदलने की मांग की ताकि स्कूल का माहौल भयमुक्त हो सके। छात्रों के अलावा अभिभावकों ने भी जांच दल के समक्ष प्राचार्य के व्यवहार को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि बच्चों के प्रति प्राचार्य का रवैया काफी आक्रामक होता है। वो बच्चों के साथ मारपीट के बाद धमकाते है ताकि बच्चा घर में न बताए। अभिभावकों ने भी एक सुर में प्राचार्य को हटाने की मांग की।उन्होंने कहा कि अगर स्कूल के प्राचार्य को नहीं हटाया गया तो हम अपने बच्चों को इस संस्था से हटा देंगे। इस संबंध में जांच दल में शामिल बीईओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने बताया कि स्कूल में मारपीट की घटना से छात्रों में डर और अभिभावकों में रोष नजर आया। इस मामले में जांच दल अपना जांच प्रतिवेदन बनाकर उच्चाधिकारी का समक्ष प्रस्तुत करेगा। जिसके बाद उच्चाधिकारियों द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान ने कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

- बच्चों को दिया गया पौष्टिक आहार

रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान पारस राम और स्थानीय व्यापारी मंगलदास ने किया न्यौता भोजन का आयोजन आज प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला बनिया टिकरा संकुल केंद्र मंगारी, विकासखंड बतौली में रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान पारस राम तथा हार्डवेयर व्यापारी मंगल दास जी ने न्योता भोजन कराकर शासन की महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन करने में अपना योगदान दिया। बच्चों ने एमडीएम के साथ खीर, पुड़ी ,केला आदि खाद्य पदार्थ को बड़े ही उत्साह के साथ ग्रहण किया। बच्चों के पोषण हेतु संवेदनशीलता ने एक अच्छा वातावरण पूरे परिक्षेत्र में बना दिया है जिससे और भी लोग प्रेरित होकर बच्चों के अतिरिक्त पोषण के लिए अपनी ओर से न्योता भोजन का आयोजन कर सकें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बतौली शरद चंद्र मेषपाल ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने लोगों से अपने जन्मदिन, शादी सालगिरह या कोई भी पारिवारिक कार्यक्रम बच्चों के साथ उनके पोषण के लिए स्वत ही आगे आएं और व्याप्त कुपोषण को जड़ से समाप्त करने में अपना योगदान दें इस दौरान प्रधान पाठक श्रीमती राम कुमारी दीवान, मनमोहन राम, शिक्षक सुनील कुमार राइस, वीरेन्द्र भगत, श्रीमती जमुना नायक और श्रीमती ख्रीस्त मंजुला तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।



### मतप्रतिशत बढ़ाने होली पर भेजा गया मतदान का आमंत्रण कार्ड

**बलरामपुर।** मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार आम लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रीमिजियुस एक्का के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में चुनाव का पर्व, देश का गर्व, लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जिला प्रशासन के द्वारा अनोखी पहल करते हुए होली की शुभकामनाओं के साथ लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अवश्य मतदान करने के लिए आमंत्रण कार्ड के माध्यम से जिले के लगभग 1 लाख से अधिक मतदाताओं तक मतदाता जागरूकता अभियान का संदेश भेजा गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी मतदाता 7 मई को मतदान दिवस के दिन अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। एक-एक वोट से बेहतर लोकतंत्र का निर्माण कर अपनी सरकार बना सकते हैं। अच्छी सरकार बनाने के लिए अपना वोट अवश्य करें साथ ही घर-घर जाकर अपने पड़ोसियों को भी मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित कर मत प्रतिशत बढ़ाने में अपना योगदान दें।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की मौत

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक ने बीती रात मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि जशपुर जिले के पंडरापाट अंतर्गत ग्राम गेरसा निवासी 25 वर्षीय देवधारी नगेसिया अपने साले प्रभु व 40 वर्षीया सूरजो बाई के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बतौली क्षेत्र में आया हुआ था और शनिवार की सुबह तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान बतौली पहुंचने से पहले पुल पर तेज रफ्तार बाइक अचानक उछल गई और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार बाइक उछलने के बाद सामने से आ रहे स्कूटी सवार 50 वर्षीय मनोज गुप्त व 48 वर्षीय मनोज गुप्ता आ. स्व. पारस नाथ गुप्ता से जा टकराई। टक्कर के बाद स्कूटी व बाइक सवार सड़क पर गिर गए और घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण देवधारी नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में बगीचा डम्हाटोली निवासी प्रभु नगेशिया आ. बुधन राम भी गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान प्रभु नगेशिया ने दम तोड़ दिया। आज पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध




By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक: 28 मार्च 2024, 23 मई 2024, 05 जून 2024, 24 जुलाई 2024 — 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 17,500/-, 3AC-27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411